प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मेवाड़ यूनिवर्सिटी मे ंफिर लहराया पंतनगर विश्वविद्यालय का परचम

पन्तनगर। 4 मार्च 2025। भारत की सबसे बड़ी वार्षिक वाद–विवाद प्रतियोगिता में पन्तनगर विश्वविद्यालय के डा. अमित केसरवानी, स्टाफ काउंसलर, विश्वविद्यालय साहित्यिक सोसाइटी की अगवाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पंतनगर विश्वविद्यालय ने पुनः बाजी मारी। उन्होंने 'क्या हमारा संविधान भारतीयों नागरिकों की आकांक्षाओं पर खरा उतरा है' शीर्षक पर 28 फरवरी से 1 मार्च, 2025 को मेवाड़ यूनिवर्सिटी, चित्तौड़गढ़ में आयोजित अखिल भारतीय श्री नंदलाल गदिया स्मृति वाद–विवाद प्रतियोगिता में पंतनगर विश्वविद्यालय से सम्मिलित छात्र छात्राओं ने एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन पुरस्कार जीते। हिंदी भाषा में दो टीमों ने प्रतिभाग करते हुए स्निग्ध अवस्थी, ह्रति शर्मा (पक्ष) एवं आश्रय शुक्ला, भूमिका भट्ट (विपक्ष) ने तृतीया पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह अंग्रेजी श्रेणी में इशिका (पक्ष) एवं हर्षित आर्य (विपक्ष) ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। देश भर के 200 से भी अधिक संस्थानों से इस प्रतियोगिता में युवाओं में अति लोकप्रिय खान सर को मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रित किया गया। पिछले दो वर्षों से पंतनगर इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता आया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, शिक्षकों एवं छात्रों ने भी अपनी शुभकामनाएं साझा कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

विजयी विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।

निदेशक संचार